तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार 28 अप्रैल 2026

10 समस्याओं का समाधान न होने पर खाद बीज...



10 243 छात्राओं ने स्वगणना पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन...



## खबर संक्षेप

### रंजिशन हमला करने पर तीन नामजद

**जींद।** गांव ऐंचराखुर्द में रंजिशन हमला कर युवक को घायल करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव ऐंचराखुर्द निवासी रिषी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी कुछ दिन पहले गांव के ही अंकित से कहासुनी हो गई थी। जिसके चलते वह रंजिश रखे हुआ था। गत दिवस अंकित तथा उसके दोस्तों ने उसे घेर लिया और हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई। शिकायत के आधार पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने अंकित, अश्वनी, दीपक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बेटे ने पत्नी संग मिल कर मां को पीटा, केस

**जींद।** नरवाना के हनुमान नगर में घरेलू कलह के चलते बेटे ने पत्नी के साथ मिल कर अपनी मां के साथ मारपीट की। शहर थाना नरवाना पुलिस ने घायल महिला की शिकायत पर बेटे तथा पुत्रवधु के खिलाफ मामला दर्ज किया है। नरवाना के हनुमान नगर निवासी केलो देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया की बीती देर शाम उसकी पुत्रवधु मुकेश के साथ घरेलू काम को लेकर कहासुनी हो गई। जिस पर उसके बेटे अनिल तथा उसकी पत्नी मुकेश ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की।

### मकान का टूटा ताला जेवरात व नगदी चोरी

**जींद।** न्यू जवाहर नगर में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सोने, चांदी के जेवरात व नगदी को चोरी कर लिया। शिकायत के आधार पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। न्यू जवाहर नगर निवासी पिंकी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोर उसके मकान में घुस आए और कमरे का ताला तोड़ कर सोने, चांदी के जेवरात, दस हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। घटना का सुबह उस समय पता चला जब वह सोकर उठी।

### भतीजे ने हमला कर चाचा को किया घायल

**जींद।** गांव डाहौला में कहासुनी के चलते भतीजे ने हमला कर चाचा को घायल कर दिया। अलेवा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर भतीजे के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव डाहौला निवासी जगबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी उसके भतीजे प्रवीण से कहासुनी हो गई। जिस प्रवीण ने उसके ऊपर ईंट से हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई। अलेवा थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर प्रवीण के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गतका प्रतियोगिता में सरिती ने जीता कांस्य

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि की छात्रा कुमारी सरिती ने अखिल भारतीय अंतर विवि गतका प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते कांस्य पदक हासिल कर विवि का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता यूनिवर्सिटी ऑफ कोटा राजस्थान में 22 अप्रैल से 24 अप्रैल तक आयोजित की गई। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों के खिलाडिय़ों ने भाग लिया। जिसमें टीम इवेंट के साथ-साथ व्यक्तिगत इवेंट भी आयोजित किए गए।

### तीन किसानों की मोटरों से 100 फीट से ज्यादा तार चोरी

**कैथल।** गांव हरिगढ़ किंगन में चोरों ने खेत में लगे ट्यूबवेलों को निशाना बनाते मोटरों की केबल तार व अन्य सामान चोरी कर लिया। शिकायत पर चीका थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव हरिगढ़ किंगन निवासी गुरदीप सिंह ने बताया कि 23 अप्रैल की रात को चोरों ने उसके ट्यूबवेल पर बने कमरे का ताला तोड़ दिया और मोटर की करीब 55 फीट तार सहित स्प्रे इंजन पंप व अन्य सामान चोरी कर लिया है।

## ओपीडी के दौरान चिकित्सकों के गायब रहने की शिकायतें अधिकारियों तक पहुंच रही

# बिना अनुमति छुट्टी करने पर होगी कार्रवाई

**नागरिक अस्पताल में अवकाश स्वीकृति को लेकर सख्ती**

### नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन की ओपीडी 1800 से अधिक



जींद। चिकित्सक के कमरे के बाहर लगी भीड़। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में अवकाश (लीव) की स्वीकृति और उसकी प्रक्रिया को लेकर कार्यालय आदेश जारी किया गया है। प्रधान चिकित्सा अधिकारी की ओर से जारी इस आदेश में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी गई है कि वे अवकाश लेने से पहले उचित प्रक्रिया का पालन करें। अन्यथा अनुपस्थिति को ड्यूटी से गैरहाजिरी माना जाएगा। आदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जब कोई अधिकारी या कर्मचारी अवकाश लेता है तो उसे मुख्यतौर पर दूसरे किसी अधिकारी या कर्मचारी से नोट नहीं करवाना चाहिए और न ही अपने विभागाध्यक्ष से सीधे सिफारिश (रिकमंडेशन) करवानी चाहिए। इसके बजाय कर्मचारी को अपना अवकाश किसी अन्य अधिकारी या कर्मचारी से नोट करवा कर विभागाध्यक्ष से सिफारिश प्राप्त करनी होगी। अवकाश स्वीकृत होने के बाद ही संबंधित व्यक्ति अवकाश पर जा सकता है या स्टेशन छोड़ सकता है। आदेश में चेतावनी दी गई है कि बिना स्वीकृत अवकाश के अनुपस्थित रहने वाले अधिकारी, कर्मचारी को ड्यूटी से गैरहाजिर माना जाएगा। ऐसी स्थिति में संबंधित व्यक्ति के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी और उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दी जाएगी। जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह संबंधित अधिकारीध्कर्मचारी की होगी। यह आदेश का उद्देश्यः नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन की ओपीडी 1800 से अधिक रहती है। सोमवार व अन्य छुट्टी से अगले दिन ओपीडी दो हजार से पार पहुंच जाती है। कई बार चिकित्सक छुट्टी पर चले जाते हैं। जिससे ओपीडी में आने वाले मरीजों को चिकित्सक के न मिलने पर परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा ओपीडी से चिकित्सकों के गायब रहने की शिकायतें भी स्वास्थ्य अधिकारियों तक पहुंच रही हैं। अब यह आदेश अस्पताल में सुचारू कार्यप्रणाली बनाए रखने और मरीजों की सेवाओं में किसी प्रकार की बाधा न आने देने के लिए जारी किया गया है। नागरिक अस्पताल जींद में प्रतिदिन सैकड़ों मरीज ओपीडी और इमरजेंसी सेवाओं के लिए आते हैं। ऐसे में डॉक्टरों और स्टाफ की अनुपस्थिति से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं।

#### आदेशों की सख्ती से करवाई जाएगी पालना

प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने कहा कि सभी अधिकारियों से आदेशों की सख्ती से पालन करने को कहा गया है। यदि कोई अधिकारी बिना स्वीकृति के अवकाश पर चला जाता है तो उसकी अनुपस्थिति की सूचना तुरंत कार्यालय में भेजी जाए।

#### अनुपस्थिति की सूचना तुरंत कार्यालय में भेंजे

सभी विभागाध्यक्ष अवकाश दूसरे से नोट होने के बाद ही स्वीकृत करेंगे इसके अलावा उप चिकित्सा अधीक्षक, सभी प्रवर चिकित्सा अधिकारी, वरिष्ठ दंतक सर्जन और सभी विभागाध्यक्षों को अलग से निर्देश दिए गए हैं। सभी विभागाध्यक्षों को कहा गया है कि वे अपने अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों का अवकाश दूसरे से नोट होने के बाद ही स्वीकृत करें। यदि कोई अधिकारी बिना स्वीकृति के अवकाश पर चला जाता है तो उसकी अनुपस्थिति की सूचना तुरंत कार्यालय में भेजी जाए।

## पॉलीक्लीनिक के पंचकर्म केंद्र में पांचों कर्मचारियों ने किया ज्वाइन

### आयुष निदेशालय के आदेशों पर तीन दिन बाद अमल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

स्वास्थ्य विभाग ने आयुष निदेशालय के आदेशों पर तीन दिन बाद अमल किया है। जिला मुख्यालय नागरिक अस्पताल में जिन चार थेरेपिस्ट व एक अटेंडेंट की ड्यूटी लगाई थी, उनको वापस पालीक्लीनिक स्थित पंचकर्म केंद्र में भेजा गया है। जब तक नागरिक अस्पताल में पंचकर्म केंद्र के लिए चार कमरों की व्यवस्था नहीं हो जाती तब तक पंचकर्म केंद्र पोलीक्लीनिक में ही चलेगा। एक अप्रैल से पंचकर्म केंद्र में थेरेपिस्ट नहीं होने से वहां मरीजों का उपचार नहीं हो रहा था। अब 27 दिन बाद मरीजों को कुछ राहत मिलेगी। गौरतलब है कि सेक्टर आठ स्थित पालीक्लीनिक में आयुष विभाग ने अपना पंचकर्म केंद्र चलाया हुआ है। यह भवन स्वास्थ्य विभाग का है। स्वास्थ्य विभाग अब इस आयुष विभाग से यह बिल्डिंग खाली करवाना चाहता है। इसलिए नागरिक अस्पताल में स्थित आयुष ओपीडी के साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने पंचकर्म को शिफ्ट करने की बात कही थी। इसी को लेकर आयुष व स्वास्थ्य विभाग में खींचतान हो गई। जो कर्मचारी पंचकर्म केंद्र में लगे हुए थे, वह एनएचएम के तहत लगे हुए हैं। सिविल सर्जन ने इनकी ड्यूटी वहां से हटा कर नागरिक अस्पताल में लगा दी थी। इनमें से चार थेरेपिस्ट व एक अटेंडेंट ने नागरिक अस्पताल में ज्वाइन कर लियाए लेकिन एक चिकित्सक समेत तीन कर्मचारी पंचकर्म केंद्र में ही काम करते रहे। 10 अप्रैल को आयुष विभाग के डिप्टी डायरेक्टर समेत कई अधिकारियों ने जींद का दौरा किया था। 24 अप्रैल को आयुष निदेशालय की तरफ से पत्र जारी करके कहा गया कि स्वास्थ्य विभाग को नागरिक अस्पताल में चार कमरों की व्यवस्था करनी होगी। जब तक इन कमरों की व्यवस्था नहीं हो जाती, तब तक पंचकर्म केंद्र पालीक्लीनिक में ही चलता रहेगा। आयुष निदेशालय ने नागरिक अस्पताल में काम कर रहे चार थेरेपिस्टों व एक अटेंडेंट की ड्यूटी तुरंत पंचकर्म केंद्र में वापस लगाने के निर्देश भी दिए थे, लेकिन तीन दिन के बाद स्वास्थ्य विभाग की नींद टूटी और सोमवार को इन कर्मचारियों की ड्यूटी पालीक्लीनिक में लगाई गई।

#### कोई जानकारी नहीं: सीएमओ

जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. अमित रोहिला ने बताया कि सूचना आई थी कि पंचकर्म केंद्र में चारों थेरेपिस्ट व अटेंडेंट ने सोमवार दोपहर बाद ज्वाइन कर लिया है। आज हाईकोर्ट गए हैं। मंगलवार को आकर पूरे मामले की जानकारी मिल पाएगी। सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। आज वह छुट्टी पर हैं।

## ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर 17. 39 लाख की ठगी का आरोपित गिरफ्तार

- एसपी के निर्देशानुसार जिला पुलिस शिकंजा कसा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल

विदेश भेजने के सब्जबाग दिखाकर आमजन से ठगी करने वाले आरोपियों पर एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के निर्देशानुसार जिला पुलिस द्वारा शिकंजा कसा जा रहा है। ऐसे ही ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर लाखों की ठगी करने के एक मामले की जांच एंटी इमिग्रेशन सैल प्रभारी पीएसआई शुभ्रांशु की अगुवाई में एएसआई सुरेंद्र सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी गढौलिया फतेहगढ़ साहिब पंजाब निवासी कमलजीत सिंह को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की गांव बोपुर निवासी गुरजीत कौर की शिकायत अनुसार वह जीएनएम नर्सिंग पास है तथा ऑस्ट्रेलिया स्टडी वीजा पर जाने की इच्छुक थी। उसकी सहेली के माध्यम से उसका संपर्क मोहाली स्थित “बाज इंटरनेशनल” नामक इमिग्रेशन कंपनी से हुआ। आरोपी कमलजीत सिंह व प्रियंका शर्मा ने उसे स्टडी बेस पर ऑस्ट्रेलिया भेजने का झांसा दिया और इसके लिए करीब 20 लाख खर्च आने की बात कही। मई 2024 में शिकायतकर्ता अपने परिजन के साथ मोहाली स्थित कार्यालय गई, जहां आरोपियों ने उसे विश्वास में लेकर उसके शैक्षणिक दस्तावेज प्राप्त कर लिए।

## ट्रक की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल

ढांड में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने 46 साल के व्यक्ति को टक्कर मार दी। हादसे में व्यक्ति की अस्पताल में इलाज दौरान मौत हो गई। ढांड थाना पुलिस ने मृतक के जीजा की शिकायत पर आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में राजस्थान के कोठपुतली जिले के गांव डाबडवास निवासी हजारी लाल ने बताया कि वह एक ट्रक ड्राइवर है। उसका 46 साला साला उमराव स्वामीपिछले 10-12 दिनों से ढांड में कैथल-कुरुक्षेत्र रोड पर अदानी सेलर के पास एक ढाबे पर नौकरी कर रहा था। उन्हें सूचना मिली कि उमराव का एक्सीडेंट हो गया है। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि एक ट्रैक्टर चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर समेत कैथल की तरफ से आया और ढांड की ओर भाग गया। घायल उमराव को तुरंत कैथल के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक अपने पीछे पत्नी, एक बेटा और एक बेटी छोड़ गया है। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ढांड थाना के जांच अधिकारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### अर्जुन नगर में ड्रेन के पास मिला 50 वर्षीय व्यक्ति का शव

**कैथल।** शहर के अर्जुन नगर में चीका रोड ड्रेन के पास सड़क किनारे 50 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला। राहगीरों ने जैसे ही शव को देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवा दिया। अभी तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। हालांकि प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति की मौत शराब के अधिक सेवन के कारण हुई हो सकती है। माना जा रहा है कि ज्यादा नशे की हालत में वह सड़क किनारे गिर गया और वहीं पड़े रहने से उसकी मौत हो गई। शहर थाना से मौके पर पहुंचे अधिकारी जय भगवान ने बताया कि राहगीरों ने पुलिस को घटना की सूचना दी थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और आवश्यक कार्रवाई की।



जींद। मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवाने आए परिजन।

## शिवपुरी कॉलोनी में महिला ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

- मृतका के भाई की शिकायत पर पति सहित अन्य के खिलाफ केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

शिवपुरी कालोनी में सोमवार को ससुरालीजनों से परेशान होकर फांसी का फंदा लगा महिला ने आत्महत्या कर ली। शहर थाना पुलिस ने मृतका के भाई की शिकायत पर पति समेत अन्य परिजनों के खिलाफ आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिवपुरी कालोनी निवासी दीपक की पत्नी वर्षा (31) ने सोमवार को संदिग्ध हालात के चलते फांसी का फंदा लगा लिया। घटना की सूचना पाकर शहर थाना पुलिस तथा मायका पक्ष मौके पर पहुंच गया और शव को फांसी के फंदे से उतार नागरिक अस्पताल पहुचाया। मृतका के भाई बहादुरगढ़ निवासी सचिन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बहन वर्षा की शादी वर्ष 2017 में शिवपुरी कालोनी निवासी दीपक के साथ हुई थी। दीपक टायर पंक्चर का काम करता है और शराब पीने का आदी है। जो कमाता है उसकी शराब पी जाता है। दीपक को कई बार समझाया भी था। हर बार उसके परिजन माफी मांग कर वर्षा को वापस ले आते थे। बावजूद इसके वर्षा को परेशान करना जारी रखा। गत दिवस शाम को बच्चों को लेकर वर्षा के साथ उसके जेठ तथा जेठानी ने झगड़ा किया था। जब उसने अपने पति दीपक को बताया तो दीपक ने उल्टे उसके साथ मारपीट की। सोमवार सुबह वर्षा ने फोन कर कहा कि उसे अपने मायके ले जाए। वह परेशान हो चुकी है। जिसके बाद उन्हें सूचना मिली कि वर्षा ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। सचिन ने संदेह जताया कि दीपक तथा उसके परिजनों ने वर्षा की हत्या कर फांसी के फंदे पर लटकाया है। शहर थाना पुलिस ने मृतका के भाई सचिन की शिकायत पर पति दीपक को नामजद कर उसके परिजनों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## संदिग्ध हालात में व्यक्ति ने फंदा लगाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

न्यू जवाहर नगर में संदिग्ध हालात में एक व्यक्ति ने फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने मृतक को मानसिक रूप से परेशान बताया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों सौंप दिया है। न्यू जवाहर नगर निवासी अरूण (38) ने बीती देर रात कमरे में संदिग्ध हालात के चलते फंदा लगा लिया। कमरे से बाहर न आने पर परिजनों को संदेह हुआ। जब अंदर जाकर देखा तो वह फंदे पर लटका हुआ था। परिजनों द्वारा उसे फांसी के फंदे से उतार नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक की पत्नी साहिल ने बताया कि उसका पति प्राइवेट नौकरी करता था। काफी समय से वह डिप्रेशन में चल रहा था। जिसका इलाज भी करवाया जा रहा है। सिविल लाइन थाना की जांच अधिकारी सुमन ने बताया कि मृतक के परिजनों ने मानसिक रूप से परेशान बताया है। इत्तफाकिया कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है।

### शराब ठेके से 20 हजार रुपये की नकदी चोरी

**जींद।** गांव दुड़ना में बीती रात चोरों ने शराब ठेके की टीन उखाड़ कर 20 हजार रुपये की चोर कर ली। अंदर सोए सेल्जमैन से चोरों को पकडने की कोशिश की तो उस पर तेजधार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। अलेवा थाना पुलिस सेल्जमैन की शिकायत पर अज्ञात दो युवकों के खिलाफ चोरी तथा हमला करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मटौर निवासी बलवान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव दुड़ाना से राजौंद रोड पर उन्होंने लोहे के खोखे में शराब ठेका खाला हुआ है। वह ठेके में हिस्सेदार के साथ सेल्जमैन का काम भी करता है। बीती रात ठेके में सोया हुआ था। देर रात को दो युवक टीन उखाड़ कर शराब ठेके में घुस गए। आरोपितों ने ठेके के गल्ले में रखी 20 हजार रुये की नगदी को चोरी कर लिया।



गोमाता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग को लेकर एसईपीओ को ज्ञापन सौंपते हुए।

### गोमाता को राष्ट्रीय दर्जा दिलाने को लेकर प्रदर्शन

**राजौंद।** क्षेत्र में गोसंरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने और गो माता को राष्ट्रीय दर्जा दिलाने की मांग को लेकर राजौंद ब्लॉक के विभिन्न गांवों से आए गो रक्षक दल के सदस्यों ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में गौ भक्तों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और युवाओं ने भाग लेकर अपनी एकजुटता दिखाई।प्रदर्शन की शुरुआत गोगा मेड़ी प्रांगण से हुई, जहां से रैली के रूप में सभी लोग नारेबाजी करते आगे बढ़े। “गो माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करो” जैसे गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। रैली गोगा मेड़ी से शुरू होकर कैथल-असंध मार्ग से होती हुई शहर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए उप-तहसील कार्यालय पहुंची, जहां कुछ समय के लिए रुककर आमजन को गौ संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इसके बाद प्रदर्शनकारी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय पहुंचे। यहां गौ रक्षक दल के प्रतिनिधिमंडल ने एसईपीओ के माध्यम से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

### डीसी ने तपती गर्मी और लू से सुरक्षित रहने के लिए विशेष सावधानी बरतने का किया आह्वान

## दोपहर के समय बेवजह घर से बाहर न निकलें लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद



डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने जिले के नागरिकों से आह्वान किया है कि वे इस तपती गर्मी और लू से खुद को सुरक्षित रखने के लिए विशेष सावधानी बरतें। बढ़ता पारा स्वास्थ्य के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है, ऐसे में जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है। डीसी ने नागरिकों से अपील की है कि वे दोपहर के समय बेवजह घरों से बाहर न निकलें और स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूरी निष्ठा से पालन करें ताकि हीट वेव के दुष्प्रभावों से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि लू के कारण शरीर में पानी की कमी, चक्कर आना और हीट स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्याएं पैदा हो सकती हैं। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और पहले से बीमार व्यक्तियों के प्रति अधिक सावधानी बरतने की सलाह दी है। क्योंकि ये समूह गर्मी के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में प्यास न होने पर भी बार-बार पानी पीते रहें और हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें ताकि शरीर का तापमान सामान्य बना रहे। दिन के सबसे गर्म समय यानी दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे के बीच बाहर जाने से परहेज करें। यदि बाहर जाना अनिवार्य हो तो सिर को छाते, टोपी या गमछे से ढक कर निकलें और साथ में पानी की बोतल जरूर रखें। खान-पान में बासी भोजन और तली, भुनी चीजों से परहेज करना चाहिए। जबकि छाछए नींबू पानी और ओआरएस के घोल का सेवन अमृत समान है। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में बच्चों या बुजुर्गों को बंद खड़ी गाड़ी में अकेला न छोड़ेंए क्योंकि इससे जानलेवा स्थिति पैदा हो सकती है।

#### लक्षण दिखे तो तुरंत उपचार करवाएं

यदि किसी व्यक्ति में लू के लक्षण दिखें तो उन्हें तुरंत छायादार और ठंडी जगह पर ले जाएं। शरीर को ठंडे पानी की पट्टियों से पोंछें और यदि व्यक्ति होश में होए तो उसे ओआरएस का घोल या पानी पिलाएं। हालत में सुधार न होने पर बिना देरी किए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर से संपर्क करें।

खबर संक्षेप

## न बेचेंगे और न ही नशा करेंगे की शपथ ली

**उचाना।** स्वास्थ्य मित्र चैरिटेबल (ग्रामीण डाक्टर) ट्रस्ट के प्रधान डॉ. संदीप की अध्यक्षता में ग्रामीण डॉक्टरों द्वारा ट्रस्ट की मासिक मीटिंग का आयोजन पालवां गांव स्थित खाप चबूतरे पर किया। मीटिंग में उचाना ब्लॉक के ग्रामीण डाक्टरों ने भाग लिया। सभी डॉक्टरों ने शपथ ग्रहण किया कि न ही नशा बेचेंगे और न ही नशा करेंगे। इसके साथ साथ लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक भी करते रहेंगे। डॉ. रामनिवास करसिंधु ने कहा किबढ़ता नशा समाज के लिए गंभीर समस्या बनता जा रहा है।

## दस हजार रुपये की नकदी चोरी, केस दर्ज

**जींद।** गांव रधाना में बीती रात चोरों ने एक मकान से दस हजार रुपये की राशि को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर एक युवक के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव रधाना निवासी मनदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने अलमारी मे दस हजार रुपये की राशि रखी हुई। जो चोरी हो गई। मनदीप ने आरोप लगाया कि गांव के ही राहुल ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर राहुल के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अब तक 732536 एमटी गेहूं की खरीदः उपायुक्त

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिले में गेहूं खरीद का कार्य सुचारू एवं व्यवस्थित ढंग से जारी है। मंडियों में किसानों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। सभी संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि उठान कार्य में और तेजी लाई जाए ताकि मंडियों में फसल का सुचारू प्रबंधन बना रहे। उपायुक्त ने बताया कि मंडियों में किसानों के लिए पीने के पानीए छाया, बैठने की व्यवस्थाए शौचालय एवं सफाई जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन नौ मई को

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 09 मई को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा न्यायिक परिसर जींद व उपमंडल स्तर पर नरवाना व सफीदों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा । जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूनम सुनेजा के नेतृत्व में आगामी नौ मई को जींद नरवाना व सफीदों न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा व प्रत्येक कार्य दिवस को स्पेशल प्री लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

## स्व-गणना की प्रक्रिया 30 अप्रैल तक : यादव

**उचाना।** भारत सरकार के निर्देशानुसार जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिए स्व-गणना की सुविधा शुरू है। उपमंडल के नागरिक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपने परिवार एवं मकान से संबंधित जानकारी दर्ज कर रहे हैं। एसडीएम रमित यादव ने बताया कि स्व-गणना की प्रक्रिया 30 अप्रैल तक जारी रहेगी। इस दौरान नागरिक घर बैठे ही निर्धारित पोर्टल पर जाकर अपना डेटा भर सकते हैं। इसके बाद 1 मई से 30 मई 2026 तक प्रगणक घर-घर जाकर सत्यापन एवं सूचीकरण का कार्य करेंगे।

## उचाना में बंद रहीं खाद-बीज की दुकानें

**उचाना।** उचाना में ऑल इंडिया खाद-बीज एसोसिएशन के राष्ट्रव्यापी बंद के आह्वान का पूरा असर दिखा। उचाना खाद-बीज एसोसिएशन ने इस हड़ताल को पूर्ण समर्थन दिया, जिसके चलते क्षेत्र में खाद और बीज की सभी दुकानें बंद रहीं। हड़ताल का मुख्य कारण खाद के साथ टैगिंग और सैंपल होने के बाद प्रथम पार्टी डीलर को बनाना बताया गया। दुकानदारों का कहना है कि कानून के तहत डिस्ट्रीब्यूटर प्रथम पार्टी होता है, लेकिन हमेशा डीलर को ही प्रथम पार्टी बनाया जाता है। सोमवार को हरियाणा सहित पूरे भारत में यह बंद रहा।

### कई घंटे तक शटर रखा डाउन, किसानों को हुई परेशानी

# समस्याओं का समाधान न होने पर खाद-बीज विक्रेताओं की हड़ताल

मांगों को लेकर ज्ञापन प्रधानमंत्री को भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिलाभर में सोमवार को खाद दवाई एवं बीज एसोसिएशन के आह्वान पर खाद, बीज तथा कीटनाशक दुकानदारों ने दो बजे तक अपनी दुकानों को बंद रखा गया। दुकानदारों ने कहा कि टैगिंग की समस्या, यूरिया और डीएपी जैसे अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर जरूरी उत्पाद थौंपे जा रहे हैं। जोकि न तो उपभोक्ता के लिए सही हैं और न ही दुकानदार के लिए। इसलिए सरकार इस तरफ ध्यान दे। जिलाभर में सभी दुकानदारों ने सुबह से लेकर दो बजे तक अपनी दुकानें बंद रख विरोध जताया है। हड़ताल को लेकर एआईडीए के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रधान की जिम्मेदारी संभाल रहे पवन गर्ग ने कहा कि समस्याओं का समाधान न होने के कारण देश के लगभग पांच लाख कृषि आदान व्यापारियों ने हड़ताल में भागेदारी की है। इस अवसर पर पवन गर्ग के साथ सुरेंद्र गर्ग, मोहनलाल, रामू दालमवाला, सुनील, विनोद कुमार, संदीप, अनुज कुमार, नवीन गर्ग ने कहा कि अगर अनदेखी का दौर खत्म नहीं हुआ तो फिर व्यापारी बड़ा निर्णय लेने पर मजबूर होंगे।इस प्रथा को समाप्त किया जाए। व्यापारी नेताओं ने कहा कि एक माह में इन समस्याओं के उचित समाधान के लिए ठोस कदम उठाएं, अन्यथा आगामी खरीफ सीजन के पूर्व मजबूरी में अनिश्चितकालीन बंद करेंगे। जिससे देश के कृषि उत्पादन पर विपरीत प्रभाव होने के साथ-साथ किसानों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।



**जींद।** विरोध स्वरूप बंद पड़ी दुकानें। *फोटो :हरिभूमि*

### पोर्टल को वैकल्पिक बनाया जाए

जिला प्रधान पवन गर्ग ने कहा कि उर्वरक निर्माता कंपनियों द्वारा सब्सिडी वाले खाद के साथ अनुपयोगी उत्पादों की जबरन लिंकिंग को अपराध घोषित किया जाए। इसके अलावा उत्तर प्रदेश सरकार के निर्णय की तर्ज पर पूरे देश में अनुदानित उर्वरक के साथ गैर अनुद्वानित उत्पाद बेचने की बाध्यता पर रोक लगेए खाद की डिलीवरी डीलर के बिक्री केंद्र तक कंपनियों द्वारा सुनिश्चित की जाए। वर्तमान में यूरिया जैसे खाद की डिलीवरी रेल हेड पर दी जा रही है। जिससे डीलरों को प्रति बैग 40 से 50 रुपये का अतिरिक्त खर्च वहन करना पड़ रहा है। यही नहीं बढ़ती लागत और महंगाई को देखते हुए उर्वरकों पर डीलर मार्जिन को बढ़ा कर कम से कम आठ प्रतिशत किया जाए। ग्रामीण खुदरा विक्रेताओं के लिए इस पोर्टल को वैकल्पिक बनाया जाए और इसकी अनिवार्यता केवल निर्माताओं एवं थोक विक्रेताओं तक सीमित रखी जाए। अवैध बीजों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगे या अधिकृत डीलरों को विनियमित बिक्री की अनुमति दी जाए, खाद, बीज एवं कीटनाशक के सीलबंद पैकिंग में नमूना फेल होने पर विक्रेता को अपराधी नही बल्कि केवल गवाह माना जाए।

### गुणवत्ता की जिम्मेदारी कंपनी की होनी चाहिए

चूंकि विक्रेता जिला कृषि अधिकारी से प्राप्त लाइसेंस के आधार पर केवल सीलबंद माल बेचता है। अतः गुणवत्ता की पूर्ण जिम्मेदारी निर्माता कंपनी की होनी चाहिए। कंपनियों के लिए पुराने या एक्सपायर्ड स्टॉक को वापस लेना कानूनी रूप से अनिवार्य किया जाए, नए बीज अधिनियम और कीटनाशक विधेयक 2025 में रिटेल डीलर को प्रथम पक्ष बनाने के कठोर प्रावधान को शिथिल किया जाए, जिन किसानों द्वारा झूठी शिकायतें करते हुए व्यापारियों को ब्लैकमेल किया जाता है। ऐसी शिकायतों पर कार्रवाई करने के पहले जिला स्तर पर एक कमेटी बनाई जावे उसके अनुशंसा के बाद ही कार्रवाई की जाए। छोटी-मोटी बातों पर उप संचालक कृषि द्वारा लाइसेंस निलंबित किए जाने पर 21 दिन में स्वतः बहाली का प्रावधान किया जाए। खाद एवं बीज के लाइसेंस की अवधि पांच वर्ष एवं कीटनाशक के लाइसेंस आजीवन है। ऐसी स्थिति में हर साल कंपनी के प्रिंसिपल सर्टिफिकेट जोडने की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए। पवन गर्ग ने कहा कि कई राज्यों में अनाज और उद्यानिकी के बीजों के लिए अलग-अलग लाइसेंस की प्रक्रिया है। जबकि बीज अधिनियम में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। इस प्रथा को समाप्त किया जाए।

# छात्र संघ चुनाव बहाली की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


**जींद।** मांग को लेकर रा.कालेज प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते एबीवीपी कार्यकर्ता।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जींद ईकाई ने विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव पुनः प्रारंभ करवाने की मांग को लेकर प्रशासन के माध्यम से सरकार को ज्ञापन सौंपा गया। परिषद कार्यकर्ताओं ने कहा कि छात्र संघ चुनाव केवल एक चुनाव प्रक्रिया नही बल्कि विद्यार्थियों के लिए लोकतंत्र की पहली पाठशाला होते हैं। जहां से युवा नेतृत्व, संगठन क्षमता, जिम्मेदारी और सामाजिक चेतना का विकास होता है। जींद विवि इकाई अध्यक्ष सतविंदर ढिल्लो ने बताया कि एबीवीपी विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जो सदैव छात्र हित, शिक्षा की गुणवत्ता, राष्ट्र निर्माण और लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना के लिए निरंतर कार्य करता आया है। इसी क्रम में छात्र संघ चुनाव बहाली की मांग छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। छात्र संघ चुनाव विद्यार्थियों को अपने प्रतिनिधि चुनने का अवसर प्रदान करते हैं। इससे छात्र अपनी समस्याओं, मांगों और सुझावों को चुने हुए प्रतिनिधियों के माध्यम से प्रशासन तक पहुंचा सकते हैं। छात्र संघ चुनावों के माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता विकसित होती है।


**जींद।** समाधान शिविर में शिकायतें सुनते डीसी। *फोटो :हरिभूमि*

## समाधन शिविर में 16 फरियादी पहुंचे

**जींद।** जिला प्रशासन द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सोमवार को लघु सचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने की। शिविर में कुल 16 जन शिकायतें प्राप्त हुई। जिनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश देते कहा कि सभी ग्रिवेंस पोर्टलों पर लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटान सुनिश्चित किया जाए ताकि आमजन को समयबद्ध राहत मिल सके। कहा कि नागरिकों की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। इस दौरान हरियाणा परिवार पहचान पत्र प्राधिकरण के राज्य समन्वयक डा. सतीश खोला भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

## वैशाख पूर्णिमा पर स्नान व दान का बड़ा महत्व : शास्त्री

**उचाना।** राधा-कृष्ण प्राचीन मंदिर पुजारी भारतेंदु शास्त्री ने कहा कि वैशाख पूर्णिमा पर स्नान-दान का बड़ा महत्व है। एक मई को वैशाख पूर्णिमा है। पूर्णिमा प्रारंभ 30 अप्रैल रात्रि 9 बजकर 12 मिनट से होगी जो 1 मई रात 10 बजकर 52 मिनट तक होगी। स्नान-दान शुभ का मुहूर्त सुबह 5 बजकर 35 मिनट से 7 बजकर 30 मिनट तक है। वैशाख पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा, गंगा स्नान और दान-पुण्य का विशेष फल मिलता है। इस दिन किए गए जप, तप और दान से जीवन के पापों का क्षय होता है और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। कहा कि वैशाख पूर्णिमा का व्रत रखने से पाप कर्मों से मुक्ति मिलती है, जीवन के कष्ट दूर होते हैं, साथ ही मृत्यु के उपरांत वैकुंठ लोक में स्थान मिलता है, इसके साथ ही इस दिन भगवान विष्णु की उपासना से जीवन के दुख-कष्ट दूर होते हैं।

## अध्यापकों ने चलाया दाखिला अभियान

**जींद।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ की पहल एवं हरियाणा सरकार की मुहिम समाज के प्रत्येक आखिरी कौने पर बैठे बच्चे तक निशुल्क एवं गुणवतापूर्ण शिक्षा पहुंचाने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला संत नगर की टीम ने दाखिला अभियान चलाया। अभियान के दौरान अपने क्षेत्र के प्रत्येक दरवाजे पर दसतख दे रही रही है। इसी के तहत विद्यालय मुखिया राजेश के नेतृत्व में झुग्गी, झोपडपट्टी में रहने वाले छात्र अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूत करते हुए उनको विद्यालय से जोडने का प्रयास किया। राजेश खर्ब ने बताया कि हमारा एक मात्र सहारा शिक्षा ही है, जो हमें भय, भ्रष्टाचार, भूख एवं गरीबी से मुक्ति दिला सकती है। ध्यान रहे बाबा साहेब ने कहा एवं लिखा है, शिक्षा शेरनी का वह दूध है जो पियेगा वह दहाड़ेगा।


**जींद।** बच्चों एवं अभिभावकों को दाखिले के लिए प्रेरित करते हुए।


नगूरां पीएचसी पर एचपीवी टीकाकरण करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

## नगूरां पीएचसी में किया टीकाकरण

**अलेवा।** नगूरां में एचपीवी टीकाकरण को लेकर शुरुआती विरोध के बीच अब सकारात्मक बदलाव सामने आ रहा है। इसी क्रम में चिकित्सा अधिकारी डा. दीक्षा यादव एवं समस्त नगूरां पीएचसी स्टाफ द्वारा काउंसलिंग मार्गदर्शन व जागरूकता के चलते नगूरां आशा वर्कर ने बेटी को एचपीवी का टीकाकरण करवा लोगों में फैली भ्रांतिया दूर करने का काम किया है। गौरतलब है कि इससे पहले 24 को दलमवाला में आशा वर्कर प्रीति ने भी बेटी का टीकाकरण करवाकर जागरूकता की पहल की थी। इसी क्रम को आगे बढ़ाते नगूरां की आशा वर्कर जुगेश ने भी बेटी का टीकाकरण करवाकर प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया, जिससे लोगों में विश्वास बढ़ा है। चिकित्सा प्रभारी डा. दीक्षा ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर जैसे गंभीर रोग से बचाव में प्रभावी मानी जाती है।

## भाविप ने करवाया सुंदर कांड पाठ

**जींद।** भारत विकास परिषद भूतेश्वर शाखा द्वारा जींद द्वारा श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ सभा भवन सेक्टर सात में सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी के नाम के गुणगान में सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान सुंदरकांड का सामूहिक पाठ एवं भजन, कीर्तन आयोजित किया गया। जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा एवं भक्ति का संचार हुआ। उपस्थित श्रद्धालुओं ने पूरे मनोयोग से कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष अतुल गर्ग, कोषाध्यक्ष केशव गर्ग, गतिविधि संयोजक सेवा रवि गोयल, गतिविधि संयोजक संपर्क सुरेश कुमार गोयल वकील, महिला गतिविधि संयोजक नीतू गोयल, प्रकल्प प्रमुख विनीता गुप्ता, योगेश गुप्ता आदि खास तौर पर मौजूद रहे।


**जींद।** सुंदर कांड पाठ में भाग लेते हुए महिलाएं। *फोटो :हरिभूमि*


**जींद।** जलालपुरा में महिलाओं को जागरूक करते स्वास्थ्यकर्मी।

## एचपीवी टीकाकरण के प्रति किया प्रेरित

**जींद।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर जुलानी के तहत गांव जलालपुर कलां में सरपंच महोदय रामपाल की अध्यक्षता में गांव मे नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया व सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण को लेकर विशेष घर-घर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में आशा वर्करों के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग से एएनएम पूनम और सीएचओ कल्पना ने 14 वर्ष पूरे कर चुकी किशोरियों के घर-घर जाकर उनके अभिभावकों को जागरूक किया। अभिभावकों को एचपीवी टीके के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी और टीकाकरण के लिए प्रेरित किया। सीएचओ कल्पना ने ग्रामीण महिलाओं को सरल भाषा में समझाया कि यह टीका पूरी तरह सुरक्षित है और बेटियों के भविष्य के लिए बेहद आवश्यक है।


**जींद।** वीसी में भाग लेते अधिकारी। *फोटो :हरिभूमि*

## पात्र लोगों को नियमानुसार दी जाए वित्तीय सहायता

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने पशुओं से हुई दुर्घटना के पीड़ित लोगों के लिए सरकार द्वारा दयालु 2 योजना चलाई गई है। जो भी व्यक्ति पशुओं के कारण दुर्घटनाग्रस्त होता है तो उन्हें नियमानुसार वित्तीय सहायता प्रदान करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएं ताकि पात्र व्यक्तियों को जल्द वित्तीय सहायता मिल सकें। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अपनी मेडिकल रिपोर्ट में विस्तृत ब्यौरा देना सुनिश्चित करें। जिससे लाभ पात्रों को वित्तीय सहायता लेने में कोई परेशानी नहीं हो। डीसी मोहम्मद इमरान रजा दयालु 2 योजना के दृष्टिगत समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। मौके पर आए आवेदनों की जांच की और तीन व्यक्तियों को वित्तीय सहायता देने की संस्तुति प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदेश में दयालु 2 योजना पोर्टल के अंतर्गत दुर्घटना में मृत्यु या दिव्यांग होने पर संबंधित परिवार को एक लाख रुपये से पांच लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

# केंद्रीय गोसेवा मंत्रालय गठन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- गोभोक्तों ने प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जयति-जयति हिंदू महान संगठन के आह्वान पर जिलाभर में गोभोक्तों ने शहर में प्रदर्शन किया और गो सम्मान दिवस मनाया। प्रदर्शनकारी गौभक्त लघु सचिवालय पहुंचे और गौमाता को मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा। प्रदर्शन से पहले गौभक्तों को संबोधित करते जयति-जयति हिंदू महान संगठन के संयोजक अतुल चौहान ने कहा कि भारतीय वेदलक्षणा गोमाता एवं अखंड नंदी बाबा की प्रेरणा से गो सम्मान आह्वान अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत सोमवार को प्रदेशभर में गौभक्तों ने गो सम्मान को लेकर प्रशासन के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजे हैं। ज्ञापन में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 48 एवं 51एजी की मूल भावना का हवाला देते हुए अखिल भारतीय वेदलक्षणा गोवंश की रक्षा के लिए सख्त कानून बनाने की मांग की गई है। केंद्र सरकार राष्ट्रमाता, राष्ट्र आराध्या के रूप में गोमाता को सांविधानिक दर्जा प्रदान करे और केंद्रीय गोसेवा मंत्रालय का गठन किया जाए। उन्होंने कहा कि हाल ही में ब्रज क्षेत्र के पावन प्रवास के दौरान जीवनधन अभियान के तहत गोपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिससे पूरे राष्ट्र में गोवंश संरक्षण की चेतना जागृत हुई है। आज गोवध, तस्करी और क्रूरता के कारण देशी गोवंश की संख्या तेजी से घट रही है। ऐसे में गोसंवर्धन के लिए और पशुधन संरक्षण के लिए प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 48 के तहत राज्य नीति निर्देशक तत्वों का हवाला देते हुए मांग की कि गोवंश संरक्षण को राष्ट्रीय नीति का हिस्सा बनाया जाए। साथ ही खेतों में गोमूत्र और गोबर के उपयोग को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर दिया गया। गोवंश की रक्षा के लिए सभी गोभक्त पूर्ण प्रतिबद्ध हैं। गोमाता की रक्षा करना सिर्फ धार्मिक कर्तव्य नही बल्कि संवैधानिक दायित्व और राष्ट्र की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करना है।


कैंप में भाग लेने वाले बच्चों को सम्मानित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

## डीएवी स्कूल ने राज्य स्तरीय कैंप में जीते आठ मेडल

**जींद।** द भारत स्काउट्स एवं गाइड्स हरियाणा राज्य के तत्वाधान में 22 से 25 अप्रैल तक राज्य स्तरीय चतुर्थ चरण कब कैंप का आयोजन राज्य प्रशिक्षण केंद्र अंबाला कैंट में किया गया। जिसमें हरियाणा के कई जिलों से लगभग 70 बच्चों ने इस कैंप में प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस कैंप में डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल जींद के 14 कब दिव्यांश पूनिया, गौरेश लाठर, नैतिक यादव, विहित लोहान, गर्व लाठर, हरमन, अर्जुन, हितांश, अयान मलिक, विहान, अनंत अरोड़ा, मयंक, शिवांश, रेयांश भाटिया ने अपनी इंचार्ज सुजाता शर्मा के नेतृत्व में भाग लिया व वहां अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। कैंप के इंचार्ज अनिल कौशिक व विनोद बंसल तथा वहां आए हुए ट्रेनर्स वीरेंद्र, सुभाष, सतीश ने कब बच्चों को प्रशिक्षण दिया। जिसमें कब प्रार्थना, नियम, प्रतिज्ञा, मोगली की कहानी, भालू डांस, विभिन्न प्रकार की जीवन रक्षक गांठें, कंपास, बीपी, छह व्यायाम व विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां बच्चों को दी गई। वहां पर इन बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के बच्चों ने आठ मेडल प्राप्त कर अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

### हिंदू कन्या महाविद्यालय में स्वगणना जागरूकता के लिए सेमिनार आयोजित

# 243 छात्राओं ने स्वगणना पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


**जींद।** स्वगणना अभियान में भाग लेते छात्राएं व स्टाफ। *फोटो :हरिभूमि*

हिंदू कन्या महाविद्यालय में स्वगणना जागरूकता हेतु सेमिनार आयोजित जनगणना समिति के तत्वावधान में स्वगणना जागरूकता अभियान के तहत सेमिनार आयोजित किया । जिसका विषय हमारी जनगणना, हमारा विकास रहा। ज्ञयातव्य है कि पूर्व में भी तीन दिन स्वगणना हेतु सेमिनार एवं कार्यशाला आयोजित किया जा चुके हैं। इसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं, शिक्षकों तथा समाज के अन्य वर्गों में जनगणना के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा स्वगणना प्रक्रिया में अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करना रहा। इस सेमिनार में विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया तथा छात्राओं को जनगणना से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस क्रम में जनगणना से जुड़े पंपलेट्स को सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लगाया गया तथा छात्राओं को भी पंपलेट वितरित किए गए। जिनके माध्यम से स्वगणना की प्रक्रिया, उसकी आवश्यकता, लाभ व ऑनलाइन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की विधि को सरल एवं स्पष्ट रूप से समझाया गया था। महाविद्यालय की सभी प्राध्यापिकाओं ने इसमें सक्रिय भूमिका निभाते हुए न केवल स्वयं स्वगणना पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया बल्कि छात्राओं को भी स्व गणना के लिए प्रेरित किया। उनके मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से लगभग कुल 243 छात्राओं ने स्वगणना पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन करवाया। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अभियान में भाग लिया और स्वगणना की प्रक्रिया को समझते सहभागिता सुनिश्चित की। संपूर्ण जागरूकता अभियान महाविद्यालय प्राचार्या डा. पूनम मोर की अध्यक्षता एवं कुशल निर्देशन में संपन्न किया । प्राचार्या ने छात्राओं को संबोधित करते स्वगणना की महत्ता पर प्रकाश डालते कहा की जनगणना देश की योजना निर्माण प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण आधार है। अतः भारत देश के नागरिक होने के नाते यह है हमारा नैतिक दायित्व है कि हम सरकार के इस अभियान में अपना भरपूर सहयोंग दें। महाविद्यालय के 60 स्टाफ सदस्यों ने इसमें सक्रिय भागीदारी देते स्व.गणना पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाया। कार्यक्रम के सफल संचालन में जनगणना समिति की नोडल ऑफिसर डा. नीलम, सह संयोजिका डा. सुषमा गर्ग एवं आरती सैनी का विशेष योगदान रहा। अभियान के न केवल विद्यालय की छात्राओं में जनगणना के प्रति जागरूकता बढ़ाई बल्कि समाज में भी एक सकारात्मक संदेश प्रसारित किया।

# पूर्व सीएम भजन लाल पर गुंडागर्दी जैसे आरोप निराधार और शर्मनाक : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



भाजपा नेता नरेंद्र कौशिक ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी भजन लाल के संबंध में भारतीय जनता पार्टी की राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा द्वारा दिया गया बयान अत्यंत आपत्तिजनक, निराधार एवं मर्यादा के विपरीत है। इस प्रकार के शब्दों का प्रयोग न केवल एक वरिष्ठ एवं जनप्रिय नेता के सम्मान को ठेस पहुंचाता है बल्कि प्रदेश की राजनीतिक संस्कृति को भी दूषित करता है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति इस दुनिया में नहीं है उनके प्रति इस तरह का ब्यान हमारी संस्कृति के भी खिलाफ है। चौधरी भजन लाल ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में हरियाणा प्रदेश के विकास, सामाजिक समरसता और जनकल्याण के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके ऊपर इस प्रकार के आरोप लगाना न केवल तथ्यों के विपरीत है बल्कि उनके समर्थकों एवं प्रदेशवासियों की भावनाओं को भी आहत करता है। नरेन्द्र कौशिक पूर्व प्रदेश महासचिव ने कहा कि रेखा शर्मा तत्काल अपने इस बयान के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। यदि शीघ्र ही इस विषय में माफी नहीं मांगी जाती तो हम इस मुद्दे को व्यापक स्तर पर उठाने के लिए बाध्य होंगे।

## खबर संक्षेप

### पिता-पुत्र पर युवक से मारपीट का आरोप, केस

**कैथल।** गांव ग्योंग में गाड़ी हटाने को लेकर हुए विवाद में एक युवक के साथ मारपीट कर दी। घायल को इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। कैथल सदर थाना पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्योंग निवासी रवि ने बताया कि वह मजदूरी करता है और 25 अप्रैल को अपने चाचा के मकान पर निर्माण कार्य के दौरान दीवार पर पानी डाल रहा था। गली में खड़ी गाड़ी न हटाने पर कहासुनी शुरू हो गई थी।

### गांव-गांव पहुंचा निमंत्रण अभियान

**पूंडरी।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए सर्व ब्राह्मण समाज हलका पूंडरी की कमेटी पूरी तरह सक्रिय हो गई है। कमेटी के सदस्य क्षेत्र के गांव-गांव पहुंचकर लोगों को समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दे रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और सामाजिक एकता का वातावरण बनता नजर आ रहा है। कमेटी सदस्यों ने कई गांवों का दौरा कर समाज के लोगों से सीधा संवाद किया और उन्हें इस पावन आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आग्रह किया।

### गेहूं खरीद एवं उठान कार्यों में आई तेजी

**कैथल।** डीसी अपराजिता के कुशल नेतृत्व में जिले की अनाज मंडियों में गेहूं खरीद और उठान कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार प्रशासन द्वारा किसानों की सुविधा के लिए किए गए प्रभावी प्रबंधन के चलते खरीद के साथ साथ उठान कार्यों में भी लगातार प्रगति दर्ज की जा रही है। आंकड़ों पर नजर दौड़ाई जाए तो 26 अप्रैल तक जिले में 6,92,170 मीट्रिक टन गेहूं (एमटी) की खरीद की जा चुकी है। जिसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 2,19,932 एमटी, हैफेड द्वारा 3,02,201 एमटी गेहूं की खरीद की है।

### पुलिस-पब्लिक समन्वय कमेटी की बैठक

**कैथल।** जिला कैथल में जिला स्तरीय पुलिस-पब्लिक समन्वय कमेटी का गठन किया गया है। इसी क्रम में सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय कैथल में पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन की अध्यक्षता में पुलिस-पब्लिक समन्वय मीटिंग का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पुलिस व आमजन के बीच आपसी सहयोग व तालमेल को मजबूत बनाना तथा अपराधों की रोकथाम के लिए संयुक्त प्रयास करना रहा। बैठक में विभिन्न गांवों व कस्बों से जुड़े मौजिज व्यक्तियों ने भाग लिया और अपने क्षेत्र की समस्याओं को एसपी के समक्ष रखा।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मई को

**कैथल।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव कंवल कुमार ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी 9 मई को कैथल में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कैथल की अध्यक्षा कंचन माही के मार्गदर्शन में संपन्न होगा।

## विद्युत कटौती से पिंजुपुरा के ग्रामीणों में रोष, जमकर की नारेबाजी

# रोज मिल रही 10 घंटे बिजली गांव जगमग योजना में शामिल

दो घंटे तक बिजली निगम कार्यालय के अंदर प्रदर्शन करते रहे गांव के बच्चे, बूढ़े, जवान व महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

कलायत के गांव पिंजुपुरा के ग्रामीणों ने जगमग योजना के अंतर्गत आने के बाद भी गांव में बिजली के अघोषित कटों के संकट को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। तनावपूर्ण स्थिति को ध्यान में रखते हुए डीएसपी रोहताश कुमार के निर्देश पर भारी संख्या में पुलिस बल निगम कार्यालय परिसर में तैनात रहा। बिजली समस्या को लेकर पहले गांव में महिलाओं, बड़े-बुजुर्गों व युवाओं की पंचायत हुई। उपरांत ग्रामीण पैदल मार्च करते हुए कलायत स्थित बिजली निगम के उप मंडल कार्यालय में पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने करीब दो घंटें तक निगम कार्यालय के अंदर प्रदर्शन करते हुए बिजली समस्या के निवारण की मांग की। प्रदर्शन के दौरान महिलाएं भारी गर्मी के बीच अपने बच्चों को गोद में लेकर निगम के खिलाफ मोर्चा संभाले रही। युवा समाज सेवी हरपाल ढूक्सह की अगुवाई में हुए प्रदर्शन में पंचायत सदस्यों के साथ-साथ विभिन्न संगठनों के युवा शामिल रहे। हरपाल ढूक्सह, राकेश, जय भगवान, दिलबाग सिंह, बलबीर सिंह, कमल, धर्मपाल, रामदिया, चांदी राम, कमलेश, संतरो, जंगीरो, मामो, सोना, सुभाष, महेंद्र, शमशेर सिंह, सुनीता व अन्य ग्रामीणों नेकहा कि पिंजुपुरा गांव को करीब पांच वर्ष पहले निगम द्वारा जगमग योजना में शामिल किया गया था। इसके तहत गांव को 24 घंटें बिजली मिलनी थी। ग्रामीण शत प्रतिशत बिल अदा कर रहे हैं। बावजूद इसके सुबह 6 से लेकर दोपहर 12 बजे तक, सांय 3 से साढ़े साते बजे तक, रात्रि 8 बजकर 30 मिनट से 10 बजे तक, आधी रात को 12 से 2 बजे व अगली सुबह 4 से 5 के बीच बिजली के कट रहते हैं। इस तरह उन्हें 24 घंटें में से 10 घंटे ही बिजली सप्लाई होती है।

■ योजना के तहत मिलनी थी 24 घंटे बिजली




**कलायत।** बिजली निगम कार्यालय परिसर में प्रदर्शन करते ग्रामीण व बिजली निगम एसडीओ से बातचीत करते ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि*

### एसडीओ के आश्वासन पर शांत हुए ग्रामीण

बिजली निगम एसडीओ जितेंद्र कुमार ने बताया कि पिंजुपुरा गांव के लोगों की समस्या से शीर्ष अधिकारियों को अवगत करवाया गया है। निगम हर स्तर पर यह प्रयास करेगा कि ग्रामीणों को निर्बाध रूप से बिजली की सप्लाई मिले। उनके इस आश्वासन पर ग्रामीणों ने प्रदर्शन वापिस लिया। इसके साथ ही ग्रामीणों व निगम के बीच तालमेल बनाकर व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा।

### ग्रामीणों ने एसडीओ के कक्ष का विरोध स्वरूप पंखा बंद कर दिया

कलायत में प्रदर्शन के दौरान स्थिति उस समय गंभीर हो गई जब ग्रामीणों ने एसडीओ के कक्ष का विरोधस्वरूप पंखा बंद कर दिया। लेकिन एसडीएम जितेंद्र कुमार ने अपना संयम नहीं खोया उन्होंने पहले कक्ष के अंदर व फिर काफी समय तक ग्रामीणों के बीच डेरा डालकर उनकी समस्या को सुनते हुए शीर्ष अधिकारियों को हालातों से रूबरू करवाने का भरोसा दिलाया। इतना ही नहीं उन्होंने बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता, उपमंडल अभियंता और कनिष्ठ अभियंता को बच्चों सहित उनके गांव में रहने का निमंत्रण दिया। ग्रामीण बोले यदि अधिकारी परिवार सहित गांव में रहते हैं तो उन्हें ग्रामीणों की तरफ से हर सुख एवं सुविधा दी जाएगी। लेकिन ग्रामीण किस तरह बिजली संकट से जूझ रहे हैं इसकी हकीकत सही मायने में अधिकारी गांव में रहते हुए समझ सकेंगे। ग्रामीणों ने कहा कि यदि गांव में कोई उपभोक्ता बिजली बिल का भुगतान नहीं करता तो ग्रामीण उसका बिल जमा करवाने के लिए बचनबद्ध है। इसके उपरांत भी उन्हें बिजली की सुविधा से क्यों महरूम रखा जा रहा है? यह समझ नहीं आ रहा।

## विधायक ने किया पेवर ब्लॉक गली का उद्घाटन



**कैथल।** गली का उद्घाटन करते विधायक आदित्य सुरजेवाला।

■ विधायक ने कैथल हलके के हर वार्ड में बेहतर बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने का किया वादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

कैथल विधानसभा से कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला ने वार्ड नंबर 4, सुभाष नगर, गली न. 0 में नवनिर्मित पेवर ब्लॉक गली का उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद महेश गोगिया और क्षेत्र के वार्डवासियों ने भारी संख्या में हिस्सा लिया।

उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान वार्डवासियों और पार्षद महेश गोगिया ने विधायक आदित्य सुरजेवाला का अभिनंदन किया और उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। विधायक आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि कैथल हलके के गांवों व प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। मैं कैथल हल्के के हर क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत रहूंगा। जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देकर उन्हें जल्द से जल्द हल किया जाएगा।

पार्षद महेश गोगिया ने विधायक आदित्य सुरजेवाला की प्रशंसा करते हुए कहा कि विपक्ष में होने के बावजूद आदित्य सुरजेवाला कैथल हल्के में विकास कार्य करवा रहे हैं। यह उनकी जनसेवा की भावना को दर्शाता है। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने भी विधायक का स्वागत किया और क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की सराहना की। इस नवनिर्मित पेवर ब्लॉक गली से वार्डवासियों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी, जिससे उनकी रोजमर्रा की आवाजाही आसान हो जाएगी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पार्षद महेश गोगिया, रामकुमार चहल, सतप्रकाश शर्मा सुरजाखेड़ा, भूषण शर्मा, अन्नपूर्णा शर्मा, कमला वर्मा, सुशीला बंसल, राजीव धीमान, परमवीर मलिक, रुपिन्द्र लक्की, राजिन्द्र, विक्की वर्मा, प्रदीप कुंडू सहित अन्य वार्डवासी मौजूद रहे।

## समाधान शिविर में प्राप्त जन शिकायतों पर तत्परता से कार्रवाई करें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश, एसडीएम संजय कुमार ने आमजन की शिकायतें सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को जल्द समाधान के निर्देश दिए। जिला परिषद (जिप) के सीईओ सुरेश राविश ने कहा कि आमजन से जुड़ी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ताकि नागरिकों को त्वरित राहत मिल सके। समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर उनकी प्रगति को अपडेट करना सुनिश्चित किया जाए। लंबित मामलों को प्राथमिकता से निपटाते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर समाधान किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिकारी प्रत्येक शिकायत की गहन जांच करें और उसके निवारण की रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करें।



**कैथल।** जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश, एसडीएम संजय कुमार शिकायत सुनते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### रामकुमार को प्रदेश अध्यक्ष चुना गया

**कलायत।** कलायत रेलवे रोड स्थित डा.भीम राव अंबेडकर भवन में अखिल भारतीय नायक सभा की प्रांतीय सभा में रामकुमार नायक को सर्व सम्मति से प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। सभा के संयोजक हरभगवान सिंह की अगुवाई में कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसकी अध्यक्षता देश राज गुराना ने। मंच संचालन इंद्रजीत शेखावत बरवाला व मास्टर सतबीर कैथल द्वारा किया गया। नव नियुक्त प्रधान रामकुमार नायक ने बताया कि इसमें हरियाणा प्रदेश के सभी जिलों के प्रतिनिधि सभा में शामिल हुए। पदाधिकारियों के चयन के लिए समाज के सम्मानित नेताओं की 11 सदस्यों की कमेटी का गठन किया। उक्त कमेटी ने सर्व सम्मति से प्रदेश कार्यकारिणी मे अहम पदों पर अपनी सहमति जताई।

## राजौंद में सड़क निर्माण कार्य में देरी उड़ती धूल और पत्थर से युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

शहर के मुख्य मार्ग पर लंबे समय से सड़क निर्माण कार्य अधूरा पड़ा होने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की खराब हालत के चलते उड़ती धूल और बिखरे पत्थर राहगीरों के लिए खतरा बन गए हैं।

सोमवार को सरकारी अस्पताल के सामने एक युवक उस समय घायल हो गया जब सड़क पर पड़े पत्थर अचानक उसके चेहरे पर आकर लगे। इस हादसे में युवक के चेहरे पर गंभीर चोट आई, जिसके बाद उसे तुरंत उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर इस तरह की घटनाएं अक्सर होती रहती हैं। सड़क पर निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण छोटे-बड़े पत्थर इधर-उधर बिखरे रहते हैं और वाहनों के गुजरने से ये पत्थर तेजी से उछलकर राहगीरों को चोट पहुंचाते हैं। लोगों में इस घटना को लेकर भारी रोष है। उन्होंने प्रशासन से संबंधित विभाग व ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही करने कि मांग की है और शीघ्र सड़क निर्माण कार्य को पूरा किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। इस तरह की दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। स्थानीय नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे मजबूर होकर आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।



**राजौंद।** सरकारी अस्पताल के सामने पत्थर लगने से घायल युवक चेहरे पर आई चोट दिखाते हुए।



**गुहलाचीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह लोगों की समस्याएं सुनते हुए।

### एसडीएम ने सुनीं आमजन की समस्याएं

**गुहला-चीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को उपमंडल कार्यालय में समाधान शिविर आयोजित किया गया। एसडीएम ने आमजन की शिकायतें व समस्याएं सुनी तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों के माध्यम से उनका निपटान करवाया। समाधान शिविर में मुख्यतः शिकायतें परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, बुढ़ापा पेंशन से संबंधित रही। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से सुने। आमजन को सही जानकारी दें। आमजन को कार्य करवाने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में सभी विभागों के अधिकारी एक ही स्थान पर मौजूद रहते है।

## कांग्रेस ने किया नारी शक्ति का अपमान : जांबा

■ नारी शक्ति अधिनियम पर लाए गए प्रस्ताव का पूंडरी विधायक ने किया पुरजोर समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

पूंडरी के विधायक सतपाल जांबा ने विधानसभा में कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी नारी शक्ति वंदन पर जो भी प्रस्ताव लेकर आए हैं, वे उसका पुरजोर समर्थन करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को नारी उत्थान के साथ ही प्राप्त किया जा सकता है। कांग्रेस पार्टी ने इस प्रस्ताव का बहिष्कार करके देवी रूपी नारी शक्ति का अपमान किया है। पूंडरी से जनता की सेवा में हर समय तत्पर रहने वाले विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर जो प्रस्ताव लेकर आए है, वे उसका समर्थन करते है। उनका मानना है कि हमें अगर विकसित भारत का सपना साकार करना है तो नारी को अधिकार देना होगा। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को ओर अधिक सार्थक सिद्ध करना है तो विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि वे महसूस करते हैं कि जब वे राजनीति में आने पर जब किसी कार्यालय में जाते हैं तो वहां पर महिला अधिकारी मिलती हैं, वे अपेक्षाकृत अधिक ईमानदारी से काम करती हैं।



**पूंडरी।** विधानसभा मे अपनी बात कहते विधायक सतपाल जाम्बा।



**गुहला चीका।** गो-भक्तों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन। *फोटो : हरिभूमि*

### 'गो सम्मान आह्वान अभियान' के तहत सौंपा ज्ञापन

**गुहला चीका।** गुहला क्षेत्र में गौ सम्मान आह्वान अभियान" के अंतर्गत सोमवार को उपमंडल अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान क्षेत्र के जागरूक नागरिकों और गौ-भक्तों ने शांतिपूर्ण यात्रा निकालकर अपनी मांगों को प्रशासन तक पहुंचाया। यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और गौमाता के प्रति अपनी श्रद्धा एवं संरक्षण के संकल्प को व्यक्त किया। पूरे मार्ग में 'गौ माता की जय' और 'गौमाता—राष्ट्रमाता' के जयघोष गूंजते रहे, जिससे वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बन गया। यात्रा के उपरांत उपस्थित नागरिकों ने उपमंडल अधिकारी गुहला को राष्ट्रपति, राज्यपाल, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने, गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा गौ संरक्षण के लिए सख्त और प्रभावी कानून बनाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई।

## गंभीर सामाजिक सच्चाइयों को हलके-फुलके हास्य, सहज संवादों और तीखे व्यंग्य से किया जीवंत

# एक और मीटिंग नाटक से सरकारी व्यवस्थाओं पर किया कटाक्ष

*हरियाणा कला परिषद् के सहयोग से जयंती नाट्य समारोह का आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

शैडो चिल्ड्रेन रिसर्च सेंटर फॉर थिएटर एंड टीवी और संस्कार भारती ईकाई जींद के संयुक्त तत्वावधान में हरियाणा कला परिषद् के सहयोग से तीन दिवसीय जयंती नाट्य समारोह का आयोजन दीवान बाल कृष्ण रंगशाला में किया गया। सचिव इकबाल ने बताया कि जयंती समारोह के प्रथम दिन थिएटर फॉर थिएटर चंडीगढ़ द्वारा हिंदी नाटक एक और मीटिंग का मंचन हुआ। जिसके नाटककार जयवर्धन रहे और निर्देशक करण चौहान द्वारा इस नाटक की परिकलना सुदेश शर्मा द्वारा किया गया। प्रथम दिन बतौर मुख्यअतिथि आधारशिला स्कूल की निदेशिका अंजू सिहाग रही। जबकि अध्यक्षता समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में समुद्र लाठर, समाजसेवी सुनील वशिष्ठ, डा. सुरेश जैन, प्रो. डा. मंजू तोमर रहे। समारोह का आरंभ दीप प्रज्जवलित करके किया गया और समारोह के ब्रोशर का विमोचन किया गया।




**जींद।** नाटक का मंचन करते हुए कलाकार व शुभारंभ पर मंच पर मौजूद मुख्यअतिथि व अन्य कलाकार। *फोटो : हरिभूमि*

### नाटक का कथानक

निदेशक करण चौहान ने बताया कि यह नाटक एक और मीटिंग हमारे समय की उस विडंबना को मंच पर प्रस्तुत करने का प्रयास है, जहां समस्याएं तो वास्तविक और गंभीर होती हैं। पर उनके समाधान के लिए होने वाली बैठकों का स्वरूप अक्सर औपचारिकता और दिखावे तक सीमित रह जाता है। आज के प्रशासनिक और संस्थागत ढांचे में हम अक्सर देखते हैं कि मीटिंग पर मीटिंग होती रहती हैं लेकिन उन बैठकों से निकलने वाले निष्कर्ष या तो अधूरे रह जाते हैं या फिर कागजों तक सिमट कर रह जाते हैं। इस नाटक के माध्यम से हमने उसी प्रवृत्ति को व्यंग्यात्मक रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। इस नाटक की विशेषता यह है कि इसमें गंभीर सामाजिक सच्चाइयों को हलके-फुलके हास्य, सहज संवादों और तीखे व्यंग्य के माध्यम से मंच पर जीवंत किया जा रहा है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अंजू सिहाग ने कहा कि नाटक केवल मनोरंजन का माध्यम न बन कर एक विचारोत्तेजक अनुभव भी बने। यदि यह प्रस्तुति दर्शकों को हंसाने के साथ-साथ व्यवस्था और समाज के कुछ पहलुओं पर सोचने के लिए प्रेरित कर सके तो हमारा यह प्रयास सार्थक होगा। नाटक बच्चों को जरूर दिखाने चाहिए ताकि वो जागरुक बनें। संस्कार भारती की कोषाअध्यक्ष हिमानी गुप्ता, दीपक कौशिक, मंजू मानव, द्वारा सफल मंच संचालन किया किया गया। इस अवसर पर सुरेश जैन, शैडो ग्रुप की अध्यक्ष सुनीता भट्टी, सचिन बड़ाला, रिषि नागर, जितेंद्र अहलावत, डा. हनीफ मौजूद रहे।

### पंजाबी वेलफेयर सभा कैथल का निशुल्क होम्योपैथिक कैंप 3 को

**कैथल।** पंजाबी वेलफेयर सभा कैथल द्वारा समाज सेवा की कड़ी में आगामी रविवार, 3 मई 2026 को अमर शहीद मदन लाल ढींगड़ा स्मारक, पार्क रोड पर विशाल निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक रहेगा। सभा के प्रधान सुषम कपूर ने बताया कि शिविर में मरीजों को योग्य चिकित्सकों द्वारा निशुल्क परामर्श के साथ-साथ होम्योपैथिक दवाएं भी पूर्णतः निःशुल्क वितरित की जाएंगी। साथ ही बी.पी., ब्लड शुगर एवं एस.पी.ओ.2 के टेस्ट भी निशुल्क किए जाएंगे ताकि मरीज अपनी बीमारी की सही स्थिति जान सकें।

# गर्मी ने मचाया त्राहिमाम, बढ़ते तापमान के साथ करीब डेढ़ गुना बढ़ी बिजली की मांग

**खास बातें**
- निगम ने बिजली चोरी रोकने के लिए चलाया विशेष अभियान
- मात्र 22 दिनों में 65 चोरी के मामले आए सामने, वसूला 13.50 लाख का जुर्माना

नरेश पंवार ▶▶ कैथल

जिले में बढ़ती गर्मी के साथ तापमान बढने के साथ ही बिजली की मांग तेजी से बढ़ रही है। गर्मी के कारण बिजली चोर भी सक्रिय हो गए हैं तथा कई स्थानों पर एसी के लिए बिजली चोरी के सामने आ रहे हैं। बिजली निगम ने चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। निगम की ओर से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत महज 22 दिनों में 65 स्थानों पर बिजली चोरी के मामले पकड़े गए हैं। इन मामलों में करीब 13.50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। लगातार हो रही कार्रवाई से गांवों से लेकर शहर तक हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। बिजली निगम के अधिकारियों के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष अप्रैल से मार्च के दौरान जिले में कुल 7811 बिजली कनेक्शनों की जांच की गई थी। इनमें से 2800 स्थानों पर बिजली चोरी पाई गई। इन मामलों में विभाग ने 7 करोड़ 60 लाख रुपये का जुर्माना लगाया, जिसमें से अब तक 4 करोड़ 72 लाख रुपये की वसूली भी की जा चुकी है। चोरी के तरीकों में उपभोक्ता कहीं सीधे कुंडी डालकर तो कहीं मीटर से छेड़छाड़ कर बिजली का अवैध उपयोग कर रहे थे।

### टीमों ने चलाया जांच अभियान

बिजली चोरी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विभाग ने 24 विशेष टीमों का गठन किया है। इन टीमों में एसडीओ और जेई स्तर के अधिकारी शामिल हैं, जो नियमित रूप से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में छापेमारी कर रहे हैं। जांच के दौरान बिजली मीटर, केबल और कनेक्शन की गहन जांच कर अनियमितताओं का पता लगाया जा रहा है।

### यूं पकड़ी जा रही है बिजली चोरी

बिजली निगम आधुनिक तकनीकों का सहारा लेकर चोरी पर शिकंजा कस रहा है। स्मार्ट मीटर डेटा, लाइन लॉस और अचानक बढ़ी खपत का विश्लेषण किया जा रहा है। इसके अलावा औचक निरीक्षण कर कुंडी कनेक्शन और मीटर से छेड़छाड़ के मामले की जांच हो रही है।

### जिले में 3.74 लाख उपभोक्ता

जिले में लगभग 3 लाख 74 हजार उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति की जा रही है। इस नेटवर्क के अंतर्गत गुहला, सीवन, कलायत, राजौंद, ढांड, पूंडरी और कैथल ब्लॉक के करीब 293 गांव जुड़े हुए हैं। ऐसे में बिजली चोरी पर नियंत्रण बनाए रखना विभाग के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है।

### गर्मी के साथ बढ़ी बिजली खपत

भीषण गर्मी के कारण जिले में बिजली की मांग में भारी इजाफा हुआ है। इन दिनों प्रतिदिन बिजली खपत 59 लाख यूनिट तक पहुंच गई है, जो सामान्य दिनों की तुलना में काफी अधिक है। तापमान में लगातार वृद्धि के चलते कूलर, एसी और अन्य उपकरणों के उपयोग में बढ़ोतरी इसका मुख्य कारण है।

### छह दिन में लगातार बढ़ी खपत

| | | |
|---|---|---|
| 20 अप्रैलः तापमान 38डिग्री | — | 42 लाख यूनिट |
| 21 अप्रैलः तापमान 39.2डिग्री | — | 42.51 लाख यूनिट |
| 22 अप्रैलः तापमान 40डिग्री | — | 46.20 लाख यूनिट |
| 23 अप्रैलः तापमान 41डिग्री | — | 50.83 लाख यूनिट |
| 24 अप्रैलः तापमान 42डिग्री | — | 56.33 लाख यूनिट |
| 25 अप्रैलः तापमान 42डिग्री | — | 58.87 लाख यूनिट |
| 26 अप्रैलः तापमान 42 डिग्री | - | 59 लाख यूनिट |

### बिजली चोरी से बचें

बिजली निगम के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोठिया ने कहा कि उपभोक्ताओं को चाहिए वे बिजली चोरी से बचें और समय पर बिल का भुगतान करें। बिजली चोरी रोकने को लेकर निगम की टीम छापेमारी कर रही हैं तथा चोरी मिलने पर जुर्माना वसूला जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### दुकान में आग लगाने के आरोप में फंसा युवक

**कैथल।** गांव पाई में स्क्रैप की दुकान में आग लगाने के आरोप में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पाई निवासी दर्शन सिंह ने पूंडरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 'बाला जी स्क्रैप व आयरन स्टोर' के नाम से दुकान चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि करीब 6-7 महीने पहले भी उनकी दुकान में आग लगाई गई थी, जिसमें उनकी पूरी जमा पूंजी जलकर राख हो गई थी। उस समय भी पुलिस में शिकायत दी गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। दर्शन सिंह के अनुसार 25 अप्रैल 2026 की रात को फिर से आरोपी ने उनकी दुकान में आग लगा दी।

### आज से बिजली बिल काउंटर बंद का फैसला

**उचाना।** बिजली निगम कार्यालय में एसडीओ समेत तीन के हुए तबादलों को रद्द करने की मांग को लेकर कर्मचारियों का धरना 21वें दिन भी जारी रहा। अध्यक्षता बिजेंद्र ने की तो संचालन कृष्ण श्योकंद डोहाना खेड़ा ने किया। विशेष तौर पर धरने पर पहुंच कर एचएसईबी वर्कस यूनियन के राज्य उप प्रधान कृष्ण नैन, एपीएस कर्मबीर कापड़ो, राजा शामदो, सर्कल सचिव अनिल पूनिया, यूनिट प्रधान सफीदों सीताराम पांचाल, यूनिट प्रधान नरवाना राजबीर ढिल्लो एवं समस्त जिला जींद कार्यकारिणी ने अपना समर्थन दिया। धरने के माध्यम से 27 अप्रैल तक जो तबादले हुए है उनको रद्द किए जाने का अल्टीमेटम दिया था।

### गेहूं खरीद में नहीं आने दी परेशानी : खरकभूरा

**उचाना।** मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि गेहूं का सीजन जब शुरू हुआ तो गेहूं खरीद के नियमों में बदलाव करते हुए इस बार नए नियम बनाए गए। इन नियमों को लेकर विपक्ष ने किसानों, आढ़तियों को बहकाने को लेकर भ्रामक प्रचार किया कि इन नियमों से गेहूं की खरीद नहीं होगी, मंडियों के बाहर लाइने वाहनों की लगेगी। इन नियमों के बाद जब खरीद हुई तो किसान दो से तीन मिनट में अपनी फसल खरीद की सभी प्रक्रिया पूरी करके घर, खेत पहुंच रहा था।
सीएम नायब सिंह सैनी, विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री
किसान के बेटे है। खेती, किसान को आने वाली समस्याओं से वो वाकिफ है।

## उधार के कैंपरों से छात्राएं बुझा रही प्यास, शिक्षा विभाग मौन

# सवाल: यह कैसा हॉस्टल, जहां बिजली, पानी को तरसी छात्राएं

» *बिजली न होने के कारण छात्राओं को पूरी-पूरी रात जाग कर बितानी पड़ रही*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अलेवा



अलेवा। हसनपुर स्कूल हास्टल में पहुंचे पीने के पानी के कैंपर। *फोटो : हरिभूमि*

गांव हसनपुर स्थित आरोही माडल स्कूल के गर्ल्स हास्टल में छात्राओं को पीने के पानी से लेकर बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं से परेशान होना पड़ रहा है। हालांकि गर्ल्स हास्टल में ठहरी छात्राओं के माता-पिता पीने के पानी पूर्ति के लिए बाहर से पानी के कैंपरों का प्रबंध कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ स्कूल प्रशासन की तरफ से पीने के पानी के कैंपरों के रूपये अदा करने की बात कही जा रही है।

हसनपुर गांव के आरोही माडल स्कूल में पढने वाली छात्राओं के माता-पिता की बात करें तो स्कूल प्रशासन ने दूर से आने वाली गरीब तबके की छात्राओं के लिए स्कूल में ही रहने के लिए हास्टल आदि का प्रबंध किया हुआ है लेकिन इन प्रबंधों के बीच स्कूल प्रशासन की तरफ से हास्टल में बिजली, पानी, खाना समेत अन्य सुविधाओं का छात्राओं के लिए प्रबंध करना था, लेकिन छात्राओं के अभिभावकों की बात करें तो हास्टल में छात्राओं को रात के समय न तो बिजली आपूर्ति पूरी तरह से उपलब्ध हो पाती और न ही पीने के पानी की सुविधा है। जिसके कारण छात्राओं को पूरी-पूरी रात जाग कर बितानी पड़ती है। अभिभावकों का कहना है कि पीने के पानी के लिए छात्राओं के लिए बाहर से कुछ कैंपरों का प्रबंध करना पड़ रहा है। जिससे छात्राओं के लिए यह नाकाफी है। हालांकि इसके लिए पहले भी स्कूल प्रशासन को अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन सुविधाओं के नाम पर फिलहाल छात्राओं के हाथ खाली है। जिसमें अलेवा ब्लाक के साथ-साथ बाहर से कुछ छात्राएं हसनपुर स्कूल स्थित हास्टल मे रहकर अपनी पढ़ाई कर रही है। छात्राओं को हास्टल में बिजली, पानी आदि सुविधाओं से जुझना पड़ रहा है। छात्राओं के हिसाब से पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। मजबूरी में छात्राएं स्कूल में ऐसे पानी का उपयोग कर रही हैं, जोकि स्वास्थ्य के लिए सही नहीं है। जबकि वर्तमान में गर्मी के मौसम को देखते हुए डाक्टर स्वच्छ पानी पीने की सलाह देते है, ताकि पेट संबंधी रोगों से ग्रसित ना हो।

### मामला संज्ञान में नहीं किया जाएगा निरीक्षण : अनिल बाला

अलेवा खंड शिक्षा अधिकारी अनिल बाला चहल ने बताया कि फिलहाल मामला उनके संज्ञान में नहीं है। मामले को लेकर प्राचार्य से बात कर स्कूल हास्टल का निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के बाद जहां भी कमी मिलती है, उसके लिए सख्त दिशा निर्देश दिए जाएगें।

### छात्राओं को हो रही एलर्जी

बच्चों के अभिभावकों ने बताया कि स्कूल परिसर में लगे सबमर्सीबल का पानी खारा होने के साथ-साथ मानकों पर खरा नहीं उतर रहा है। जिसके कारण छात्राओं को एलर्जी जैसी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि मामले को लेकर पूरे स्टाफ को पता है कि सबमर्सीबल का पानी पीने के साथ-साथ नहाने तक के लायक नहीं है। फिर भी बच्चों को उक्त पानी से नहाने तथा अन्य कामों के लिए प्रयोग किया जाता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सबमर्सीबल के पानी को जलघर से मिलने वाली सप्लाई में मिलाकर जैसे-तैसे काम चलाया जा रहा है।

### कैंपरों के वार्डन ने रूपये लिए

हसनपुर आरोही माडल स्कूल की प्राचार्य ममता शर्मा ने बताया कि बाहर से छात्रा के अभिभावक ने स्कूल हास्टल में पीने के पानी के कुछ कैंपर पहुंचाए थे, लेकिन उनके वार्डन ने रूपये अदा कर दिए थे। रात के समय बिजली कम आने तथा पांच किलोवाट के सोलर पैनल से बिजली आपूर्ति पूरी नहीं हो पा रही है। इसके लिए बिजली सबसे ज्यादा समस्या बनी हुई है। पीने के पानी की पूरी सुविधा है। छात्राओं को सुविधाओं के मामले में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना नहीं होने दिया जाएगा।

# मध्य प्रदेश की भांति हरियाणा में स्वर्ण कला बोर्ड के गठन की मांग

- कारोबारियो ने सर्वसम्मति से पारित किया प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। कार्यक्रम में मंच पर मौजूद डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा व अन्य।

प्रदेश में स्वर्णकार के कारोबार की उन्नति के हरियाणा राज्य में मध्य प्रदेश की भांति स्वर्ण कला बोर्ड का गठन करने तथा स्वर्णकार कारोबार में लागू वायदा व्यापार को समाप्त किया जाए। इस आशय का प्रस्ताव चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित की गई स्वर्णकार समाज की प्रदेश स्तरीय कन्वेंशन में पारित किया गया। इसके अलावा पारित एक अन्य प्रस्ताव में राज्य सरकार से मांग की गई कि राज्य सरकार द्वारा 20 अक्टूबर 2023 को जारी अधिसूचना के अनुसार महाराज अजमीढ देव के जन्मदिन पर सार्वजनिक अवकाश अधिसूचित किया जाए तथा प्रदेश की नौकरियों में पिछड़े वर्ग का बैकलाग पूर्ण करने के लिए विशेष भर्ती की जाए और काले कानून के रूप में लागू धारा 411 को समाप्त किया जाएं। कन्वेंशन को भारतीय जनता पार्टी के जिला फतेहबाद के प्रधान प्रवीन जोडा, शंकरलाल धुपड़, समाजसेवी रामअवतार वर्मा, समाज सेवी कपिल वर्मा, जयपाल लांबा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# साइबर अपराध, 'डिजिटल अरेस्ट' व विदेशी एक्सटॉर्शन कॉल्स पर लगेगा अंकुश

- 'अभेद्य' ऐप व डबल ओटीपी प्रणाली लागू
- 24x7 हेल्पलाइन, व्हाट्सएप सपोर्ट और ड्यूल ऑथेंटिकेशन से नागरिकों को मिलेगा सुरक्षा कवच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



एसपी मनप्रीत सिंह सूदन

जिले में बढ़ते साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला पुलिस ने एक अहम पहल करते हुए 'अभेद्य' मोबाइल ऐप तथा 'डबल ओटीपी/ड्यूल ऑथेंटिकेशन प्रणाली' को लागू किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि इन दोनों तकनीकी उपायों के माध्यम से 'डिजिटल अरेस्ट', फर्जी निवेश योजनाओं, विदेश से आने वाली एक्सटॉर्शन कॉल्स तथा साइबर ठगी के मामलों पर सख्ती से अंकुश लगाया जाएगा। एसपी ने बताया कि हरियाणा पुलिस द्वारा विकसित 'अभेद्य' मोबाइल ऐप देश का पहला ऐसा उन्नत सुरक्षा प्लेटफॉर्म है, जो आम नागरिकों को संदिग्ध कॉल्स, धमकी भरे संदेशों, ऑनलाइन स्टॉकिंग और डिजिटल उत्पीड़न से सुरक्षा प्रदान करता है। यह ऐप विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय, वर्चुअल और अनसेव्ड नंबरों की पहचान कर उनकी निगरानी करता है। उन्होंने बताया कि यदि किसी उपयोगकर्ता के मोबाइल पर विदेश से कोई संदिग्ध या एक्सटॉर्शन कॉल आती है, तो 'अभेद्य' ऐप से यूजर तक पहुंचने से पहले ही स्वतः रिजेक्ट कर देता है और संबंधित नंबर को ब्लॉक कर देता है। इतना ही नहीं, संदिग्ध चैट, वॉयस मैसेज और नोटिफिकेशन को भी डिवाइस से हटा दिया जाता है, जिससे व्यक्ति को मानसिक तनाव और भय से राहत मिलती है। यह ऐप एंड्रॉयड और एप्पल दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

### रोड समाज के कर्मचारियों ने दिखाई एकजुटता



पूंडरी। प्रधान बलकार सिंह को चैक भेंट करते नरेश कुमार ग्राम सचिव व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

**पूंडरी।** अखिल भारतीय रोड महासभा के अध्यक्ष बलकार सिंह पूंडरी के निवास स्थान बलकार कॉलोनी में उस समय भावनात्मक और प्रेरणादायक माहौल देखने को मिला, जब रोड समाज के कर्मचारियों ने अपनी इच्छा से समाज सेवा के लिए एक महीने की सैलरी भेंट कर मिसाल पेश की। कर्मचारियों ने रोड भवनों के सौंदर्यीकरण, आधुनिकीकरण और नवीनीकरण कार्यों के लिए यह योगदान दिया और समाज के उत्थान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। इस अवसर पर कर्मचारियों ने प्रधान की कार्यशैली, ईमानदारी और समाज के प्रति समर्पण से प्रभावित होकर स्वेच्छा से सहयोग राशि सौंपी। सहयोग देने वालों में नरेश कुमार ग्राम सचिव द्वारा 51 हजार रुपए तथा राकेश कुमार ग्राम सचिव द्वारा 41 हजार रुपए व नीरज कुमार फूड सप्लाई द्वारा 51 हजार रुपए का योगदान दिया गया।

# पशु चिकित्सकों ने लगाए काले बिल्ले

- पूर्व मंत्री द्वारा पशुपालन विभाग के लिए गैर जिम्मेदार बयानों को लेकर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। काले बिल्ले लगा कर रोष जताते हुए पशु चिकित्सक।

गत दिनों पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल द्वारा पशुपालन विभाग को डंगर महकमा कह कर संबोधित किए जारे के रोष स्वरूप हरियाणा स्टेट वेटरनरी एसोसिएशन के आह्वान पर पशु चिकित्सकों ने सोमवार को काले बिल्ले लगा कर काम किया और रोष जताया। प्रदेश महासचिव डा. विजय कादियान ने कहा कि पूर्व मंत्री द्वारा विभाग में पूर्व में कार्यरत डा. हरीश वशिष्ठ को डांगर महकमे में एक मामूली अधिकारी कहकर लज्जित किया गया। पशुपालन विभाग को डंगर महकमा कह कर संबोधित किया गया। जिसकी एसोसिएशन निंदा करती है। उन्होंने कहा कि कि पूर्व मंत्री को शब्दों की मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए था। आज प्रदेशभर में सभी पशु चिकित्सकों ने काले बिल्ले लगाकर अपना रोष प्रकट किया है। डा. कादयान ने बताया कि पशु चिकित्सक सरकार की पशु कल्याण की नीतियों को पशुपालक के घर द्वार तक पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। इस तरह के अनर्गल बयान पशु चिकित्सकों एवं विभाग की मर्यादा को नीचा दिखाते हैं। अपने बयानों में पूर्व मंत्री ने डा. हरीश वशिष्ठ को नाकाबिल और मामूली अफसर बताया जो कि सरासर गलत है। डा. हरीश ने पहले पशुपालन विभाग में कर्मठ पशु चिकित्सक के रूप में लगभग दो दशक तक अपनी उत्कृष्ठ सेवाएं दी हैं।

# स्पेशल डिटेक्टिव टीम को एसपी ने प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित



कैथल। स्पेशल डिटेक्टिव युनिट पुलिस टीम को सम्मानित करते हुए एसपी मनप्रीत सिंह सूदन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

सोमवार को कार्यालय पुलिस अधीक्षक कैथल में एसपी मनप्रीत सिंह सूदन द्वारा चीका मोबाइल दुकान पर फायरिंग करने के मामले में आरोपियों को काबू करने में सराहनीय कार्य के लिए स्पेशल डिटेक्टिव युनिट पुलिस टीम में शामिल स्टाफ प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार, एसआई पारस, एएसआई तरशेम कुमार, एएसआई संदीप कुमार, एचसी देवेंद्र, बुटा सिंह, राजीव व अन्य टीम सदस्यों सहित साइबर सैल इंचार्ज एएसआई राकेश को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि उक्त पुलिस टीम द्वारा चीका मोबाइल दुकान पर फायरिंग करने के मामले में बहादुरी का परिचय देते हुए 2 आरोपियों को मुठभेड़ दौरान काबु करने सहित कुल 6 आरोपियों को काबू किया है। कैथल पुलिस के अन्य जवान इनसे प्रेरणा लेकर निष्ठापूर्वक कर्तव्य पालना करें। कर्मचारी-अधिकारियों को आगे भी इसी प्रकार सम्मानित किया जाएगा।

### युवकों पर जानलेवा हमला करने वाले 3 आरोपी काबू

**कैथल।** कैथल में जींद रोड के पास युवकों पर जानलेवा हमला करने के मामले में सीआईए-1 पुलिस प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 3 आरोपियों को काबू कर लिया है। सीआईए-1 पुलिस प्रभारी एसआई जसवंत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव किठाना निवासी अमन की शिकायत अनुसार वह 24 अप्रैल को अपने दोस्त सिरटा निवासी साहिल और कैथल निवासी मुकेश उर्फ संजू के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर सरकारी हस्पताल कैथल जा रहे थे। जब वे जींद रोड पर टाटा मैट्रो कमर्शियल एजेंसी के नजदीक पहुंचे, तभी एक ग्रे रंग की कार ने उनकी बाइक को पीछे से जानबूझकर टक्कर मार दी, जिससे तीनों सड़क पर गिर गए। तभी कार से उतरे गांव नौच निवासी नितिन अपने साथियों राहुल उर्फ एचपी, रितेश ढांडा, मंजीत उर्फ काला, रमन छौत, अभिषेक उर्फ अभी, सचिन जाखौली व अन्य युवकों के साथ मिलकर हमला कर दिया। आरोपियों ने उन तीनों पर गंडासी व अन्य हथियारों से वार किए तथा जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। हमले में उन्हें गंभीर चोटें आई। राहगीरों की मदद से उनको सरकारी अस्पताल कैथल पहुंचाया गया। जिस बारे थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज कर लिया गया।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## शिक्षा में कोई भी बच्चा पीछे न छूटे : राजेश वशिष्ठ

# निपुण हरियाणा के तहत प्राथमिक विद्यालयों में क्लासरूम रेडीनेस प्रोग्राम के तीसरे सप्ताह की योजना की जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे। *फोटो :हरिभूमि*

हरियाणा शिक्षा विभाग ने निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत विद्यार्थियों के बुनियादी कौशल को मजबूत करने के लिए तीसरे सप्ताह (27 अप्रैल से 2 मई 2026) का विस्तृत क्लासरूम रेडीनेस प्रोग्राम जारी कर दिया है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खेल-खेल में शिक्षा और तकनीकी माध्यमों से बच्चों की सीखने की क्षमता में सुधार करना है। जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने बताया कि इस सप्ताह की योजना में कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों के लिए हिंदी, गणित और अंग्रेजी विषयों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। कक्षा पहली के बच्चों को तालियों के माध्यम से शब्दों की पहचान करना सिखाया जाएगा। गणित में वस्तुओं के लुढ़कने और खिसकने के गुणों के आधार पर समूह बनाना सिखाया जाएगा। अंग्रेजी में क्रियाओं के साथ कविता पाठ पर जोर रहेगा। कक्षा दूसरी के विद्यार्थी हिंदी में अनुभव सांझा करना और सरल शब्द लिखना सीखेंगे। गणित में एक से 99 तक इकाई-दहाई की अवधारणा और 20 तक का जोड़-घटाव सिखाया जाएगा। कक्षा तीसरी के विद्यार्थी 3-डी आकृतियों (सतह, किनारे और कोने) की समझ विकसित करेंगे और 100 तक सीधी-उल्टी गिनती का अ यास करेंगे। अंग्रेजी में यातायात के साधनों का वर्गीकरण और स्वर वाले शब्दों का ज्ञान दिया जाएगा। कक्षा चौथी और पांचवी की योजना को दो भागों में विभाजित किया गया है। गैर-दक्ष विद्यार्थियों को सं या रेखा पर जोड़-घटाव, मुद्रा परिवर्तन (रुपए-पैसे) और व्याकरण के बुनियादी नियम सिखाए जाएंगे। वहीं दक्ष विद्यार्थियों के लिए स्टश्वक्रञ्ज द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम (जैसे- चिडय़ा का गीत और मछली उछली) के अनुसार शिक्षण होगा।



गुहला चीका। दमकल केंद्र परिसर में हड़ताल के दौरान धरने पर बैठे नगर पालिका व अग्निशमन विभाग के कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

### दमकल कर्मचारियों की हड़ताल 20वें दिन भी जारी

**गुहला-चीका।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा शाखा एवं हरियाणा अग्निशमन कर्मचारी संघ द्वारा घोषित दो वसीय प्रदेशव्यापी हड़ताल लगातार जारी है और सोमवार को यह आंदोलन 20वें दिन में प्रवेश कर गया। सोमवार को आयोजित हड़ताल की अध्यक्षता पृथ्वी राम ने की, जबकि मंच संचालन गुरदीप ने किया। आज की क्रमिक भूख हड़ताल में नगर पालिका से मोनू तथा अग्निशमन विभाग से पृथ्वी राम और गुरदीप ने भाग लिया। कर्मचारियों का कहना है कि उनकी मांगें लंबे समय से लंबित हैं, लेकिन सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस समाधान नहीं किया गया है। प्रदेश के अग्निशमन विभाग के नियमित और अनुबंधित (कच्चे) कर्मचारी 8 अप्रैल से लगातार हड़ताल पर हैं। यह आंदोलन अब एक बड़े जनसमर्थन के साथ ऐतिहासिक रूप ले चुका है। जानकारी के अनुसार, प्रदेश के 103 दमकल केंद्रों के कर्मचारियों ने लगभग 85 विधायकों को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों के समाधान और आगजनी की घटनाओं में जान गंवाने वाले दमकल कर्मियों को न्याय दिलाने की मांग की है। यूनियन ने मंत्री के उस बयान पर भी नाराजगी जताई, जिसमें फरीदाबाद में शहीद हुए दमकल कर्मचारियों के परिवारों को "उचित मुआवजा" देने की बात कही गई थी। कर्मचारियों का आरोप है कि इसी अग्निकांड और सूरजकुंड मेले में शहीद हुए पुलिस कर्मियों को शहीद का दर्जा, आश्रितों को एक-एक करोड़ रुपये का मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को पक्की सरकारी नौकरी दी गई, जबकि दमकल कर्मियों के साथ ऐसा व्यवहार नहीं किया गया।